


## प्रणाम

### कीर्तन यात्रा

- तालाब चौराहा स्थित रामदरबार मंदिर से कीर्तन यात्रा सुबह 6 बजे।

### यज्ञ

- गोरक्षा के लिए हवन यज्ञ बालाजी गोशाला में सुबह 8 बजे।

### कथा

- चंदपा के पास स्थित महमूदपुर जाटान में श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से।
- आगरा रोड स्थित पुष्प बिहार कालोनी में श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से।
- सादाबाद के गांव लालगढ़ी में श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से।

### वार्षिकोत्सव

- एसआरबी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव स्कूल परिसर में शाम पांच बजे से।

### आरती

- बाइपास स्थित बांके बिहारी मंदिर पर आरती शाम को 6 बजे।

# 115 किमी की रफ्तार से दौड़ी सीआरएस की ट्रेन

## सीआरएस को मिलीं कुछ खामियां जल्द दूर करने के निर्देश



गति परीक्षण से पहले फूलमालाओं से सजाया गया विद्युत इंजन • जागरण

**120** मिनट में 108 किमी की दूरी तय कर स्पेशल निरीक्षण यान मेंडू पहुंचा



हाथरस में मंगलवार को रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते सीआरएस • जागरण

**संस, हाथरस** : रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) मध्य एवं पूर्वोत्तर परिमंडल अरविंद कुमार जैन ने मंगलवार को मेंडू-दरियाबगंज के बीच विद्युतीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। मेंडू से दरियाबगंज के बीच सीआरएस की विशेष ट्रेन 115 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ी। निरीक्षण के दौरान सीआरएस को कोई बड़ी खामी तो नहीं मिली लेकिन ओएचई की जमीन से सही ऊंचाई के बारे में न बता पाने पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

सीआरएस अरविंद कुमार जैन मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर दिनेश कुमार सिंह के साथ मंगलवार को इज्जतनगर मंडल के मथुरा जंक्शन-फर्रुखाबाद रेल खंड में मेंडू-दरियाबगंज के बीच विद्युतीकरण कार्य का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने दरियाबगंज से मेंडू तक गति परीक्षण भी किया। निरीक्षण स्पेशल यान दरियाबगंज से 1.45 बजे चलकर लगभग 108 किमी की दूरी 120 मिनट में तयकर मेंडू पहुंचा। इस दौरान सीआरएस की गाड़ी को कुछ समय के लिए अधिकतम 115 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दौड़ाया गया। मथुरा जंक्शन से मेंडू के बीच 48 किमी रेल खंड का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त अरविंद जैन 29 मार्च को कर चुके हैं। सीआरएस की हरी झंडी के बाद ही मथुरा जंक्शन-फर्रुखाबाद रेल खंड के बीच विद्युत इंजन दौड़ सकेंगे। मंगलवार को सीआरएस के निरीक्षण के बाद अधिकारियों को जल्द हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। मथुरा-कासगंज-कल्याणपुर रेल खंड के बीच 338 किमी के विद्युतीकरण के कार्य की स्वीकृति वर्ष 2016-17 में मिली थी। इस पर करीब 433 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्य मैसर्स इरकॉन इन्टरनेशनल लिमिटेड को सौपा गया है।

**433** करोड़ रुपये की लागत से मथुरा, कासगंज, कल्याणपुर रेल खंड के बीच 338 किमी के विद्युतीकरण के कार्य को मिली



हाथरस रोड हॉल्ट पर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते रेलवे के अधिकारी • जागरण

### ये अधिकारी रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे, मुख्यालय गोरखपुर से प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर बेचू राय, मुख्य सिग्नल इंजीनियर एसएन शाह, मुख्य महाप्रबंधक (इरकॉन) आशुतोष पंत तथा इज्जतनगर मंडल से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) आशुतोष कुमार मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ए.के. सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जीपीएस नारायण, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) सुमित गर्ग, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ओएंडएफ) नवीन कुमार सिंह, मंडल सुरक्षा आयुक्त अमिताभ सहित मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दहेज के लिए हत्या का प्रयास

**संवाद सूत्र, सादाबाद** : दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट चार लोगों के खिलाफ न्यू आगरा थाने में दर्ज कराई गई है। इसमें दुराचार के प्रयास का भी आरोप लगा है। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए दयालबाग आगरा की रहने वाली युवती ने कहा है कि उसकी शादी पांच साल पूर्व सादाबाद क्षेत्र में हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से आरोपित अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। डिमांड पर युवती के पिता ने कूलर दिलवा दिया। इसके बाद भी आरोपित हरकतों से बाज नहीं आये। तीन मई को ससुर ने विवाहिता के साथ दुराचार का प्रयास किया। इसके अलावा उसके ऊपर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी। जैसे तैसे विवाहिता ने आग बुझाई और गंभीर हालत में पिता को सूचना दी। पिता अन्य परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। विवाहिता को अस्पताल ले जाया गया। विवाहिता बुरी तरह झुलस गई थी। विवाहिता की शिकायत पर पति, ससुर, सास और जेठ के खिलाफ थाना न्यू आगरा में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।




## खाना बनाते समय झुलस गई महिला

**संसू, हसायन** : क्षेत्र के गांव कानऊ की क्रांति देवी पत्नी सत्य पाल अपने घर गैस के चूल्हे पर खाना बना रही थी। गैस चूल्हे के पाइप में किसी तरह लीकेज हो जाने से आग लग गई जिससे वह गंभीर रूप से जल गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन पहुंचे व अथक प्रयास के बाद आग बुझाई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी हालत चिंताजनक होने पर डॉ. रवि कौशिक ने प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया।

# दबंग युवक ने दिनदहाड़े किशोरी को घर में खींचा

### कारस्तानी

- घर में खींचने के बाद अंदर से बंद किया दरवाजा, मुकदमा दर्ज
- परिजनों ने दरवाजा खुलवाकर युवक के चंगुल से किशोरी को मुक्त कराया



**संस, हाथरस** : घर से दुकान पर कोल्डड्रिंक लेने जा रही किशोरी को गांव के ही दबंग युवक ने अपने घर में खींच लिया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खुलवाकर किशोरी को मुक्त कराया। पुलिस ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक फरार है।

परिजनों के मुताबिक मंगलवार दोपहर 12 बजे परिवार के सदस्य काम के लिए घर से बाहर गए हुए थे। घर की महिलाओं ने 14 वर्षीय किशोरी से गांव में मौजूद दुकान से कोल्ड ड्रिंक लाने को कहा। किशोरी कोल्ड ड्रिंक लेने जा रही थी, तभी रास्ते में दबंग युवक ज्ञानेंद्र उर्फ गुड्डू ने उसे अपने घर के अंदर खींच लिया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। गनीमत यह रही कि युवक की नापाक हरकत पर गांव की दूसरी किशोरी की नजर पड़ गई और उसने तुरंत किशोरी के परिजनों को सूचना दे दी। घर पर मौजूद किशोरी की मां, चाची, भाभी आदि युवक के घर पहुंच गए। दबंग के दरवाजा न खोलने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। इस पर युवक ने दरवाजा खोल दिया और किशोरी परिजनों से लिपटकर रोने लगी। कुछ ही देर में युवक के चार भाई और दूसरे परिजन मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी और गाली-गलौज हुई। गांव के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। परिजन किशोरी को लेकर थाना हाथरस गेट पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस तक बात पहुंचते ही युवक गांव से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में गांव पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। कोतवाल जितेंद्र कुमार दीखित का कहना है कि गांव के ज्ञानेंद्र उर्फ गुड्डू पुत्र सुरेश कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपित को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## दहेज हत्या के आरोपित ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संसू, सिकंदराराऊ** : कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपित ससुर श्रीनिवास पुत्र हुकुम सिंह निवासी गांव नावली लालपुर को पंत चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस के अनुसार आरोपित अपनी पुत्रवधू की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। इस मामले में आरोपित मां-बेटे को जेल भेजा जा चुका है। दहेज की मांग न पूरी होने पर कथित तौर पर प्रेमलता की हत्या जनवरी 2019 में कर दी गई थी। मृतका के मायके वालों ने रिपोर्ट लिखाई थी।

## व्यापारी नेता के पिता के साथ मारपीट व लूट की रिपोर्ट दर्ज

**संसू, सिकंदराराऊ** : कोतवाली पुलिस ने फजीहत के बाद व्यापारी नेता के पिता के साथ मारपीट और लूट की रिपोर्ट दर्ज की। एवीएन कॉलोनी निवासी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार पुत्र सतीशचंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि आरोपित नरेंद्र यादव कॉलोनी में चौकीदार है। वह 11 मई की रात्रि को शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। जब इसका विरोध किया गया तो वह कुपित हो गया। 12 मई की सुबह जब उनके पिता टहलने गए तो आरोपित ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर सतीशचंद्र को पकड़ लिया। गाली गलौज करते हुए वृद्ध के साथ मारपीट कर जेब में रखे 1100 रुपये एवं सोने की जंजीर लूटने के बाद धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि मामले की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस के न लिखने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी विधायक वीरेंद्र सिंह राणा के साथ हाथरस जाकर पुलिस अधीक्षक से मिले थे।

## हादसों में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल

**संसू, सिकंदराराऊ** : कोतवाली क्षेत्र में दो स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। श्रीकृष्ण पुत्र चेतराम निवासी गांव लश्करगंज अपनी पत्नी कमलेश व कस्तूरी देवी निवासी गांव नगला विजन के साथ बाइक से कासगंज की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार कासगंज रोड स्थित गांव नगला जलाल के समीप पहुँचे, अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। दूसरी दुर्घटना पुरदिलनगर मार्ग पर हुई। बाइक सवार मुकेश निवासी गांव हिमाऊपुर जिला फीरोजाबाद को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घायल युवक को सीएचसी में लाया गया जहां से डॉक्टर ने मुकेश को अलीगढ़ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।



For Trade & Distributor Enquiry :
Mr. Karan Agarwal- 9650199211, Mr. Gaurav Vadera-9650199201 or send mail to: karan.agarwal@vishalvideo.in

